उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**शुक्रवार, 28 फाल्गुन, शक संवत्, 1931**
**( दिनांक : 19 मार्च, 2010 )**
**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** )।

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

6. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

8. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

9. वित्तीय वर्ष 2010-11 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

10. आबकारी मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910) (संशोधन) विधेयक, 2010 पर विचार किया जाय **(पन्द्रह मिनट)**।

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
|---|---|
| 1. मौ0 शहजाद,<br>2. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>3. श्री हरिदास,<br>4. हाजी तसलीम अहमद,<br>5. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>6. श्री नारायण पाल, | ''उत्तराखण्ड (संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910) (संशोधन) विधेयक, 2010 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर प्रस्तुत करे।'' |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

11. आबकारी मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910) (संशोधन) विधेयक, 2010 पारित किया जाय।

12. सहकारिता मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2010 पर विचार किया जाय **(पन्द्रह मिनट)**।

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
|---|---|
| 1. मौ0 शहजाद,<br>2. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>3. श्री हरिदास,<br>4. हाजी तसलीम अहमद,<br>5. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>6. श्री नारायण पाल, | "उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2010 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर प्रस्तुत करे।" |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

13. सहकारिता मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2010 पारित किया जाय।

14. श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2009 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड प्रदेश की राजधानी चन्द्रनगर (गैरसैंण) घोषित की जाय"

15. श्री अजय टम्टा, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"यह माननीय सदन प्रबल सिफारिश करता है कि प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत तथा प्रशासनिक दृष्टि से जन सामान्य को सुविधा प्रदान किये जाने हेतु प्रदेश में वर्तमान विकास खण्डों की संख्या को बढ़ाते हुए नए विकास खण्डों के सृजन पर गंभीरता से विचार किया जाय, विशेषकर जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत मछखाली, मझोड़, जालली, सोमेश्वर नये विकास खण्ड बनाये जाने तथा प्रदेश में लगभग 30 नये विकास खण्डों का निर्माण किए जाने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाय।"

16. नियम 105 के अन्तर्गत श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"यह सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड में जनपद नैनीताल के अन्तर्गत रामनगर से जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत चौखुटिया तक रेलवे लाईन बिछाई जाय ताकि उक्त सुदूर क्षेत्रों का समग्र विकास हो सके।"

17. नियम 105 के अन्तर्गत श्री जोत सिंह गुनसोला, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"प्रदेश में पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए आधुनिक पर्यटन के नये आयाम तलाशे जाएं।"

18. नियम 105 के अन्तर्गत डा0 हरक सिंह रावत, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के सीमावर्ती जनपद बिजनौर के 61 ग्राम पंचायतों को उत्तराखण्ड राज्य में शामिल किया जाय।"

19. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

20. जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र भिक्यासैण के स्याल्दे व मानिला महाविद्यालयों में प्रवक्ताओं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की कमी व बी0एस0सी0 के पठन-पाठन आरम्भ न होने से व्याप्त असंतोष के संबंध में श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2010 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

21. उत्तराखण्ड के हरिद्वार जनपद की सहकारी समिति पनियाला द्वारा अपनायी गयी ऋण वसूली प्रक्रिया की तरह ही साल में एक बार ऋण वसूली किये जाने के संबंध में श्री सुरेन्द्र राकेश, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2010 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, सहकारिता मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 19 मार्च, 2010**

**(महेश चन्द्र)**
**प्रमुख सचिव।**

प्रथम सत्र, 2010
का प्रथम शुक्रवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 28 फाल्गुन, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 19 मार्च, 2010 )

## नत्थी ''क''

## अल्पसूचित प्रश्न

कुंवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन''
03.03.2010

** क्या औद्योगिक विकास मंत्री अवगत हैं कि क्या प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को निजी स्वामित्व की भूमि से घरेलू कार्य हेतु मिट्‌टी तथा रेत के उठाने पर रोक लगाई गई है? क्या सरकार किसान के निजी कार्य को भी व्यवसायिक परिधि में लेकर उनको उक्त उठान पर खनन की भांति रॉयल्टी शुल्क जमा कराये जाने हेतु विवश कर रही है? क्या यह सत्य है कि इस रोक के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अपने घरों, घेर–बैठकों, फार्म हाऊस के निर्माण कार्य आदि भी नहीं करा पा रहें हैं? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त रोक को हटाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**औद्योगिक विकास**

श्री सुरेन्द्र राकेश
04.03.2010

** क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद में स्थापित उद्योगों द्वारा रसायनयुक्त बिना ट्रीटमेंट का पानी भू–स्तर में डाला जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा ऐसे उद्योगों को चिन्हित कर कोई कार्रवाई की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों तथा इसके क्या कारण हैं?

**पर्यावरण**

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>20.01.2010 | *1. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में काम के बदले अनाज योजना के अन्तर्गत अब तक कितने मजदूरों को उनकी मजदूरी के रूप में मिलने वाले खाद्यान्न की भरपाई नहीं हो पायी हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **तृतीय शुक्रवार तक स्थगित** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>21.01.2010 | *2. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने विद्यालयों में दोपहर भोजन की व्यवस्था है तथा दोपहर भोजन व्यवस्था में कुल कितने मीट्रिक टन खाद्यान्न की खपत होती है? क्या प्रदेश में दोपहर भोजन के लिए खाद्यान्न व्यवस्था की कोई नीति निर्धारित की गयी है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>27.01.2010 | *3. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार माध्यमिक शिक्षा की बोर्ड परीक्षाओं गणित जैसे विषयों में प्रयोंगात्मक एवं लिखित परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्ण होने को आवश्यक करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>27.01.2010 | *4. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत पुस्तकों के वितरण के साथ आवश्यक उत्तर पुस्तिकायें भी उपलब्ध कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>01.02.2010 | *5. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रवक्ता / एल0टी0 शिक्षक / प्राथमिक शिक्षकों को दूसरे विद्यालयों में सम्बद्वीकरण के क्या नियम है और किन परिस्थितियों में सम्बद्वीकरण किया जा सकता है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि जनपद हरिद्वार में उक्त श्रेणी के शिक्षकों का सम्बद्वीकरण दूसरे विद्यालयों में किया गया जिसके कारण मूल नियुक्ति वाले विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार तत्काल सम्बद्व किये गये सभी शिक्षकों का सम्बद्वीकरण खत्म करके उनके मूल नियुक्ति वाले विद्यालयों में वापस भेजेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

श्री सुरेन्द्र राकेश 03.02.2010 — ***6.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की सेवा निवृत्ति की आयु सीमा केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार तय की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार आयु सीमा तय करेगी? यदि हां, तो कब तक? — **शिक्षा**

# अतारांकित प्रश्न

श्री शेर सिंह गढ़िया 20.01.2010 — **1.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पदों पर अध्यापकों की नियुक्ति की गई है तथा कुल रिक्त पदों की संख्या कितनी है? क्या सरकार रिक्त पदों को भरने की प्रकिया शुरू करने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — **शिक्षा**

श्री शेर सिंह गढ़िया 21.01.2010 — **2.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजनाओं का कार्य धीमी गति से कराया जा रहा है तथा कुछ सड़कों का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं किया गया है? क्या यह सत्य है कि अभी तक फेज 3,4,5 के स्वीकृत सड़कों का कार्य पूर्ण नहीं किया है? यदि हां, तो सड़कों के निर्माण में हो रहें विलम्ब के लिए कौन उत्तरदायी है? क्या सरकार सम्बन्धित दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? — **ग्राम्य विकास**

श्री राजेश जुवांठा 21.01.2010 — **3.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज गुन्डियालगांव, राजकीय इण्टर कालेज राजगढ़ी, खरसाड़ी तथा हाईस्कूल सरनौल, के भवनों की स्थिति अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण है, फलस्वरूप कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भवनों के निर्माण के लिए कोई कदम उठा रही हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — **शिक्षा**

श्री राजेश जुवांठा 21.01.2010 — **4.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जिला उत्तरकाशी के अन्तर्गत पुरोला विधान सभा क्षेत्र में ब्लॉक मोरी, पुरोला और नौगांव के अन्तर्गत विभिन्न उच्चीकृत हाईस्कूलों एवं इण्टर कालेजो यथा जखोल, खरसाड़ी (गडूगाड़) मोल्ताड़ी, गंगटाड़ी, चिवां, हुडोली में शिक्षकों के अधिकांश पद रिक्त चल रहे हैं? यदि हां, तो रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही हैं? क्या सरकार छात्रहित में नये सत्र से रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करेंगी? यदि नहीं, तो क्यों? — **शिक्षा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>27.01.2010 | **5.** | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि क्या जनपद ऊधमसिंह नगर के राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की भूमि वन विभाग द्वारा ब्लॉक जसपुर में हस्तान्तरित की गयी है? क्या यह सत्य है कि उक्त का नाम परिवर्तित कर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालय कर दिया गया है? यदि हां, तो क्या ब्लॉक खटीमा जनपद ऊधमसिंह नगर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालय ने कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है? | **शिक्षा** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>27.01.2010 | **6.** | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तहसील जसपुर जिला ऊधमसिंह नगर में राजकीय कन्या इन्टर कालेज में कितनी छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं? विद्यालय में कितने पद प्रवक्ताओं एवं एल0टी0 ग्रेड सहायक अध्यापिकाओं के सृजित है एवं वर्तमान में कितनी प्रवक्ता एवं एल0टी0 ग्रेड सहायक अध्यापिकाए कार्यरत है? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>28.01.2010 | **7.** | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मेहरबान सिंह कण्डारी राजकीय इण्टर कालेज स्यूंसी, पौड़ी गढ़वाल में एन0सी0सी0 खोलने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल के पत्रांक सामान्य/49274–76/2008–09 दिनांक के द्वारा प्रस्ताव उपलब्ध करवाने हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया है? यदि हां, तो प्रधानाचार्य द्वारा प्रस्ताव कब उपलब्ध करवाया गया है तथा विद्यालय में एन0सी0सी0 खोलने हेतु की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा कब तक विद्यालय में एन0सी0सी0 खोल दिया जायेगा? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>28.01.2010 | **8.** | विधान सभा के तृतीय सत्र, 2008 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 21 के उत्तर के क्रम में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय इण्टर कालेज जयहरीखाल, पौड़ी गढ़वाल के परिसर में उपलब्ध 10 कमरों पर राजकीय स्ना0 महाविद्यालय के अनाधिकृत कब्जे से अवमुक्त करवाए जाने के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा इन कमरों को कब तक जवाहर नवोदय विद्यालय जयहरीखाल के संचालन हेतु उपलब्ध करवाया जायेगा? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>28.01.2010 | **9.** | विधान सभा के तृतीय सत्र, 2008 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 07 के उत्तर के क्रम में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय इण्टर कालेज बहेड़ाखाल पौड़ी गढ़वाल में शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रकिया में हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा प्रवक्ता पदों पर पदोन्नति तथा कथित गतिमान प्रकिया पर हुई प्रगति का विवरण क्या है और कब तक रिक्त पदों की पूर्ति की जायेगी? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>28.01.2010 | **10.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्री हंस महाराज राजकीय इण्टर कालेज पोखड़ा, पौड़ी गढ़वाल को आदर्श आवासीय विद्यालय के रूप में विकसित किए जाने के सम्बन्ध में तत्कालीन शिक्षा मंत्री के दिनांक 12.02.2009 के पत्र द्वारा प्रश्नकर्ता के दिनांक 07 फरवरी, 2009 के पत्र को त्वरित कार्यवाही हेतु सचिव विद्यालयी शिक्षा को प्रेषित किए जाने की जानकारी दी गई है? यदि हां, तो सचिव विद्यालय शिक्षा द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही का विवरण क्या है और कब तक उक्त विद्यालय को आदर्श आवासीय विद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा? | **शिक्षा** |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>29.01.2010 | **11.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के कितने प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय भवन हीन हैं? क्या सरकार द्वारा भवन हीन विद्यालयों को भवन उपलब्ध करवाने हेतु किसी नीति का निर्धारण किया है? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>29.01.2010 | **12.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने इण्टर कालेज भवन हीन हैं? इन कालेजों को पर्याप्त भवन/कक्षा कक्ष उपलब्ध करवाने हेतु सरकार ने क्या कोई नीति बनाई है? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>29.01.2010 | **13.** क्या महिला सशक्तिकरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौडी गढ़वाल के अन्तर्गत स्वीकृत एवं कार्यरत आगनबाड़ी केन्द्रों की विकास खण्ड वार संख्या क्या है तथा इनमें से किन–किन केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु धनराशि कब–कब स्वीकृत की गई है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि स्वीकृत धनराशि से आगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण की कार्यप्रगति का केन्द्रवार विवरण क्या है एवं अवशेष आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु कोई कार्य योजना तैयार की गई है? | **महिला सशक्तिकरण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>29.01.2010 | **14.** क्या महिला सशक्तिकरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौडी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट की ग्राम सभा बहेड़ा के ग्राम खाण्डा में आगनबाड़ी केन्द्र के भवन के निर्माण हेतु कब कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है और अभी तक भवन निर्मित न होने के प्रति कौन उत्तरदायी है तथा कब तक इस आगनबाड़ी केन्द्र के लिए भवन निर्मित कर दिया जायेगा? | **महिला सशक्तिकरण** |

श्रीमती अमृता रावत
29.01.2010

**15.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक/प्रवक्ता एवं सहायक अध्यापक है जो पांच वर्ष से अधिक अवधि से सुगम विद्यालयों में कार्यरत हैं और ऐसे कौन–कौन से प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक/प्रवक्ता /सहायक अध्यापक हैं जो पांच वर्ष से अधिक अवधि से दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत हैं? क्या सभी शिक्षकों को समान सुविधा प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में सरकार की कोई योजना हैं?

**शिक्षा**

श्रीमती अमृता रावत
29.01.2010

**16.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय इण्टर कालेज घोड़ियालखाल पौड़ी गढ़वाल में शिक्षकों की तैनाती/नियुक्ति किए जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के पत्र दिनांक 05.03.2008 के उत्तर में तत्कालीन शिक्षामंत्री के पत्र दिनांक 07.03.2008 द्वारा त्वरित कार्यवाही हेतु निदेशक विद्यालयी शिक्षा में भेजे जाने की जानकारी दी गई है? यदि हां, तो अब तक उक्त विद्यालय में किन–किन शिक्षकों की तैनाती/नियुक्ति की गई है और वर्तमान में विद्यालय में रिक्त शिक्षकों/प्रधानाचार्य का विवरण क्या है तथा कब तक रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती की जायेगी?

**शिक्षा**

श्रीमती अमृता रावत
01.02.2010

**17.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में ऐसे कौन–कौन से राजकीय हाई स्कूल एवं इण्टर कालेज है जिनमें विषय अध्यापकों की नियुक्ति तो है किन्तु विषय पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या शून्य है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद में ऐसे कौन–कौन से विद्यालय है जिनमें विषय पढ़ने वाले छात्र तो उपलब्ध है, किन्तु विषय अध्यापकों की नियुक्ति/तैनाती नही की गई है? यदि हां, तो इस अव्यवस्था को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए है और क्या नीति निर्धारित की गई है?

**शिक्षा**

श्रीमती अमृता रावत
01.02.2010

**18.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल, पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विद्यालयी शिक्षा से सम्बन्धित प्रमुख बिन्दुओं का विवरण प्रश्नकर्ता के पत्र दिनांक 25 सितम्बर, 2008 के साथ सचिव विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड शासन, को कब प्राप्त हुआ है तथा विवरण में वर्णित बिन्दुओं पर अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वांछित सूचना निर्धारित प्रारूप पर कब उपलब्ध कराई गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

**शिक्षा**

श्रीमती अमृता रावत
01.02.2010

**19.** विधान सभा के तृतीय सत्र, 2008 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 03 के उत्तर के क्रम में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रवक्ता से हाई स्कूल स्तर शिक्षण कार्य लिए जाने का औचित्य क्या है तथा जनपद में प्रवक्ता (जीव विज्ञान) विहीन इण्टर कालेजों का विवरण क्या हैं?

**शिक्षा**

श्रीमती अमृता रावत
01.02.2010

**20.** विधान सभा के द्वितीय सत्र, 2009 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 17 के उत्तर के क्रम में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति/तैनाती करने/करवाने की दिशा में अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा गतिमान की अवधि क्या है?

**शिक्षा**

श्रीमती अमृता रावत
02.02.2010

**21.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत उच्चीकृत विद्यालयों के संचालन हेतु अतिरिक्त कक्षा–कक्षों के निर्माण हेतु आवश्यक धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का दिनांक 10 मार्च, 2008 दिनांक 04 जून, 2008 तथा दिनांक 15 जुलाई, 2009 के पत्र कब–कब प्राप्त हुए हैं तथा अतिरिक्त कक्ष–कक्षाओं के निर्माण हेतु वांछित धनराशि स्वीकृत करने/करवाने की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है? कब तक उच्चीकृत विद्यालयों के संचालन हेतु अतिरिक्त कक्षा–कक्षों के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की जायेगी?

**शिक्षा**

श्री यशपाल बेनाम
03.02.2010

**22.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कल्जीखाल विकास खण्ड के सकनीखेत में स्थित रा0इ0कालेज का भवन पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो चुका है? यदि हां, तो क्या सरकार इसके पुनर्निर्माण हेतु धन स्वीकृत करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**शिक्षा**

श्री गणेश जोशी
09.02.2010

**23.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में कुल कितने राजकीय इण्टर कालेज भवन युक्त है तथा कुल कितने राजकीय इण्टर काजेल बिना भवन के हैं? क्या शिक्षा मंत्री जी यह भी अवगत है कि धनोल्टी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज श्रीकोट, गढ़खेत, जाखधार और बंगियाल में अब तक भी बिना भवनों के कक्षायें संचालित की जा रही हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त राजकीय इण्टर कालेजों में भवनों के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**शिक्षा**